NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता
हमारा धर्म
निष्पक्षता
हमारी पहचान

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष: 05, अंक-238, पृष्ठ: 12 सोमवार, 02 नवम्बर, 2026, मूल्य-03 रूपये मात्र

झुंझुनूं में बड़ा हादसा-सड़क निर्माण के दौरान

11 हजार वोल्ट की लाइन से टकराई मशीन, आठ मजदूरों की मौत



झुंझुनूं। झुंझुनूं जिले के छापोली में सड़क निर्माण के दौरान बड़ा हादसा हो गया। कदम कुंड की ओर जाने वाली सड़क बनाने का काम चल रहा था। इसी दौरान रोड़ी मिलाने वाली मशीन 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से टकरा गई। मशीन के बिजली लाइन की चपेट में आने से वहां काम कर रहे मजदूर करंट की चपेट में आ गए। शुरूआती सूचना के मुताबिक, हादसे में आठ मजदूरों की मौत हो गई। वहीं, तीन-चार मजदूर गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि, मृतकों और घायलों की आधिकारिक संख्या की पुष्टि का इंतजार है। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। झुंझुनूं के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। प्रशासन की ओर से घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य तथा हादसे की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। झुंझुनूं में हुए हादसे में करंट लगने से श्रमिकों की असामयिक मृत्यु का समाचार दुखद है। संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार एवं प्रभावित परिवारों को तत्काल हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने तथा घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान, घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने का संबल प्रदान करें। ॐ शांति!

फ्लोरिडा में सड़क पर गिरा प्लेन बना आग का गोला, 9 लोगों की मौत

फ्लोरिडा। फ्लोरिडा में एक व्यस्त सड़क के पास नौ लोगों को ले जा रहा एक बिजनेस जेट रविवार को आसमान से नीचे गिरा और आग के गोले में तब्दील हो गया। इस घटना को वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने अपने वीडियो में कैद कर लिया। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, अमेरिकी परिवहन सचिव शॉन डफी ने बताया कि विमान में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई है। बहामास जा रहा लियरजेट 60 विमान पाम बीच काउंटी के ग्रीनएक्रस में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि यह पास के घरों या वहां से गुजर रहे वाहनों से नहीं टकराया। चश्मदीदों के मुताबिक, ऐसा लगा मानो कोई मिसाइल गिरी हो। एयर ट्रैफिक कंट्रोल की रिकॉर्डिंग से उड़ान के आखिरी पलों की भयावह स्थिति का पता चलता है।

मुजफ्फरपुर में गैस पाइपलाइन में ब्लास्ट: 1 की मौत और 4 घायल

मुजफ्फरपुर। नाला निर्माण के लिए सड़क की खोदाई चल रही थी। इसी दौरान अचानक जमीन के नीचे बिछी गैस पाइपलाइन फट गई। पाइपलाइन से तेज गति से पीएनजी गैस निकलने लगी। देखते ही देखते गैस में आग भड़क उठी। आग की लपटें उठते ही इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत और चार लोगों के घायल होने की सूचना है। घटना के बाद पूरे इलाके को खाली करा लिया गया। घटना सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही की है। बताया जा रहा है कि नाला निर्माण के लिए खोदाई के दौरान मशीन से गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद पाइपलाइन से तेजी से पीएनजी गैस का रिसाव होने लगा।

यूपी में बड़ा सड़क हादसा

कुशीनगर में वैन और ट्रेलर की टक्कर, छह लोगों की दर्दनाक मौत



कुशीनगर। हाटा कोतवाली क्षेत्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। पेट्रोल पंप के पास वैन और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह दुर्घटना देर रात उस समय हुई जब सभी लोग तिलक समारोह से घर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल किशोर को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। विधिक कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भलुही गांव के निवासी वैन में सवार थे। प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया प्रसाद (40) भी इनमें शामिल थे। उनके पिता रामबेलास (65) भी वैन में थे। राममिलन (35), आयुष (12), मृदुल मिश्रा (37) और रंजय गुप्ता (35) भी साथ थे। मिथिलेश गुप्ता (22) भी इस समूह का हिस्सा थे। वैन में सवार इन सात लोगों में से छह की मौत हो गई। राममिलन का 17 वर्षीय पुत्र आर्यन गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी लोग देवराज पिपरा में एक रिश्तेदार के तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। समारोह से देर रात वे अपने गांव लौट रहे थे। हाटा कोतवाली क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास यह दुखद घटना हुई। सामने से आ रहे एक ट्रेलर से उनकी वैन टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। हादसे की सूचना मिलते ही भलुही गांव से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेज किया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने और शवों को भेजने का काम किया गया। दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस अब फरार चालक की तलाश में जुटी है। विधिक कार्रवाई भी जारी है।

